# युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय

लखीमपुर-खीरी

फोन नम्बर :05872—263188 ई—मेल : ydpgcollege@gmail.com


दिनांक : 26.11.2024

## अति महत्वपूर्ण सूचना (संशोधित)

**स्नातक** (बी.ए., बी.काम. व बी.एससी.) एवं **परास्नातक** (एम.ए., एम.काम. व एम.एससी.) तथा बी.एड.) **तृतीय/पंचम सेमेस्टर कक्षाओं** में अध्ययनरत समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि **विषम सेमेस्टर दिसम्बर–2024** के नियमित, बैकपेपर/इंप्रूवमेंट व इक्जेम्टेड परीक्षा के ऑनलाइन परीक्षा फार्म www.lkouniv.ac.in पर भरने की अन्तिम तिथि **दिनांक 07.12.2024** है।

अतः स्नातक/परास्नातक कक्षाओं के समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है निर्धारित तिथि तक अपना परीक्षाफार्म भरकर कार्यालय में समस्त आवश्यक संलग्नकों सहित **दिनांक 08.12.2024** तक अवश्य जमा कर दें। विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अन्तिम तिथि तक परीक्षा फार्म भरकर जमा न करने पर सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र/छात्रा का होगा।

**स्नातक/परास्नातक तृतीय/पंचम सेमेस्टर के नियमित परीक्षा फार्म के साथ जमा किये जाने वाले आवश्यक संलग्नक निम्नवत हैं–**

- परीक्षा आवेदन फार्म।
- विगत कक्षा/वर्ष की अंकतालिका।
- शुल्क रसीद की छायाप्रति।

**स्नातक/परास्नातक बैक पेपर/इम्प्रूवमेंट व इक्जेम्टेड के परीक्षा फार्म के साथ जमा किये जाने वाले आवश्यक संलग्नक निम्नवत हैं–**

- परीक्षा आवेदन फार्म।
- विगत कक्षा/वर्ष की अंकतालिका।
- शुल्क रसीद की छायाप्रति।

**परास्नातक प्रथम सेमेस्टर के नियमित परीक्षा फार्म के साथ जमा किये जाने वाले आवश्यक संलग्नक निम्नवत हैं–**

- परीक्षा आवेदन फार्म
- LURN की छायाप्रति।
- स्नातक की अंकतालिका की छायाप्रति।
- प्रवजन प्रमाण पत्र (Migration Certificate) ***(लखनऊ विश्वविद्यालय को छोड़कर)***
- आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
- शुल्क रसीद की छायाप्रति।

नोटः–

1. सह पाठ्यक्रम (**Co-curricular**) विषय का चयन संलग्न सूची के अनुसार करें।
2. बैक पेपर/इम्प्रूवमेंट व इक्जेम्टेड का शुल्क महाविद्यालय में जमा कर शुल्क रसीद प्राप्त करें।

Hemant 26.11.2024

प्राचार्य/PRINCIPAL

यु० द० महाविद्यालय/Y.D.P.G. College

लखीमपुर–खीरी/Lakhimpur-Kheri

# युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय

लखीमपुर-खीरी
फोन नम्बर :05872-263188 ई-मेल : ydpgcollege@gmail.com

दिनांक : 26.11.2024

## सूचना (संशोधित)

समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत सह पाठ्यक्रम (Co-curricular) विषयों की सूची के आधार पर महाविद्यालय में निम्नलिखित सह पाठ्यक्रम विषयों का चयन निम्नवत है-

<u>बी.ए. प्रथम सेमेस्टर</u>

**Cultural Heritage of India (1206-1947),** संयोजक प्रो. नूतन सिंह, इतिहास विभाग
**Yoga, Theory and Practice,** संयोजक प्रो. सुभाष चन्द्रा, दर्शनशास्त्र विभाग
**व्यवहारिक हिन्दी,** संयोजक श्री देशराज, हिन्दी विभाग
**Essentials of Physical Education,** संयोजक डॉ. मनोज कुमार, शारीरिक शिक्षा विभाग

<u>बी.ए. तृतीय सेमेस्टर</u>

**Women Freedom Fighters of India (1857-1947),** संयोजक प्रो. नूतन सिंह, इतिहास विभाग
**Human Rights,** संयोजक प्रो. संजय कुमार, राजनीति विज्ञान विभाग
**Scientific Basis of Physical Education,** संयोजक डॉ. मनोज कुमार, शारीरिक शिक्षा विभाग
**हिन्दी भाषा-लिपि और निबन्ध लेखन,** संयोजक श्री देशराज, हिन्दी विभाग

<u>बी.काम. प्रथम सेमेस्टर</u>

**Personality Development.**
संयोजक प्रो. एस.के. पाण्डेय, वाणिज्य विभाग

<u>बी.काम. तृतीय सेमेस्टर</u>

**Organisational Leadership.**
संयोजक प्रो. एस.के. पाण्डेय, वाणिज्य विभाग

<u>बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर</u>

**Cultural Heritage of India (1206-1947)**
संयोजक प्रो. नूतन सिंह, इतिहास विभाग
सह संयोजक डॉ. इष्ट विभु, भौतिक विज्ञान विभाग

<u>बी.एससी. तृतीय सेमेस्टर</u>

**Women Freedom Fighters of India (1857-1947)**
संयोजक प्रो. नूतन सिंह, इतिहास विभाग
सह संयोजक डॉ. इष्ट विभु, भौतिक विज्ञान विभाग

अतः समस्त छात्र/छात्राओं को निर्देशित किया जाता है कि महाविद्यालय द्वारा निर्धारित उपर्युक्त सह पाठ्यक्रम (Co-curricular) विषयों का ही चयन करें।

Hemant 26.11.2024
प्राचार्य
प्राचार्य/PRINCIPAL
यु० द० महाविद्यालय/Y.D.P.G. College
लखीमपुर-खीरी/Lakhimpur-Kheri

(नैक द्वारा A++ ग्रेड प्रत्यायित)

# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

संख्या : लविवि/पनिका/24–477
**दिनांक: 25.11.2024**

## कार्यालय ज्ञाप

एतत्द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि स्नातक/परास्नातक एवं डिप्लोमा आदि की **विषम सेमेस्टर दिसम्बर–2024 के** नियमित/बैक पेपर/इम्प्रूवमेन्ट एवं इक्जेम्टेड परीक्षा **(बी0ए0, बी0एस–सी0 बी0काम0 एवं बी0एड0 प्रथम सेमेस्टर के नियमित छात्रो को छोड़कर)** के ऑनलाइन परीक्षाफार्म लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.lkouniv.ac.in** पर भरने की अंतिम तिथि **दिनांक 07.12.2024 निर्धारित की जाती है।**

1. विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों के सत्र 2024–25 प्रवेशित छात्रों का परीक्षाफार्म LURN पर किये गये रजिस्ट्रेशन के माध्यम से भरे जाने है।
2. लखनऊ विश्वविद्यालय के नियमित छात्रों को परीक्षाफार्म के साथ अलग से कोई शुल्क नही जमा करना है केवल ऑनलाइन परीक्षाफार्म भरकर सेमेस्टर की शुल्क रसीद के साथ सम्बन्धित विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष कार्यालय में जमा करना है। संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष कार्यालय द्वारा जमा किये गये परीक्षाफार्मो को ऑनलाइन माध्यम से अग्रसारित करते हुए सूची **दिनांक 11.12.2024 तक अनिवार्य रूप** से परीक्षा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय में जमा करना है।
3. बैकपेपर/इम्प्रूवमेन्ट/इक्जम्टेड छात्रों को ऑनलाइन परीक्षाफार्म भरकर ऑनलाइन परीक्षा शुल्क ऑनलाइन जमा करते हुए सम्बन्धित संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष कार्यालय में जमा करना है। सम्बन्धित संकायाध्यक्ष/ विभागाध्यक्ष द्वारा भरे गये परीक्षा फार्मो ऑनलाइन माध्यम से अग्रसारित करते हुए सूची **दिनांक 11.12.2024** तक परीक्षा विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
4. सहयुक्त महाविद्यालयों के समस्त कक्षाओं के छात्र/छात्राओं को ऑन लाइन भरे गये परीक्षाफार्म को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ अपने महाविद्यालय में जमा करना है।
5. समस्त सहयुक्त महाविद्यालय को ऑनलाइन भरे गये परीक्षा फार्मो को लॉगिन से अग्रसारित किया जायेगा।
6. समस्त सहयुक्त महाविद्यालय के प्राचार्य/प्राचार्यो से अनुरोध है कि परीक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये लॉगिन के माध्यम से परीक्षाफार्मो को अग्रसारित करते हुए उक्त आनलाइन भरे हुए परीक्षा फार्मो की सूची के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क लखनऊ विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर उपलब्ध व्यवस्था के अनुसार जमा करते हुए समस्त परीक्षाफार्मो की सूची शुल्क रसीद सहित निम्नानुसार **दिनांक 11.12.2024 तक परीक्षा विभाग,** लखनऊ विश्वविद्यालय में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
7. समस्त प्राचार्य/प्राचार्यो से अनुरोध है कि अनुमोदित सूची (Verified List) के साथ समस्त छात्रों की अन्तिम परीक्षा की अंकतालिका एवं टी0सी0/माइग्रेशन प्रमाण पत्र (नवप्रवेशित छात्रों के लिए) परीक्षा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
8. विषय एवं नाम परिर्वतन हेतु विद्यार्थी का परीक्षाफार्म रिसेट करने की सुविधा महाविद्यालय लॉगिन पर उपलब्ध है।
9. छात्रों द्वारा ऑनलाइन भरे गये परीक्षा फार्म में किसी प्रकार की त्रुटि/समस्या हेतु **Helpline number 7897999211 , 7897992064 WhatsApp No. 7897992062, Landline no. 0522-4150500 and E-mail lu.support@otpl.co.in** पर मेल कर सकते है।

25.11.2024
परीक्षा नियंत्रक
लखनऊ विश्वविद्यालय।

**पृष्ठाकंन संख्या एवं दिनांकः उपरोक्त।**
**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, प्रति कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
3. सम्बन्धित संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
4. कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
5. कुलानुशासक।
6. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सहयुक्त महाविद्यालयों को इस आशय से प्रेषित कि अपने महाविद्यालय से सम्बन्धित छात्रों को सूचित कर उनके परीक्षाफार्म निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन भरवाने का कष्ट करें, जिससे तिथि समाप्त होने के उपरान्त छात्रों को अनावश्यक कठिनाई का सामना न करना पड़ें।
7. निदेशक, आई0पी0पी0आर0।
8. उप कुलसचिव परीक्षा/गोपनीय/प्रभारी, वेवसाइट।
9. कार्यालय अधीक्षक परीक्षा/कक्षा सहायक, (सम्बन्धित कक्षा)।
10. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय।

25.11.2024
परीक्षा नियंत्रक
लखनऊ विश्वविद्यालय।